भुगतान-शेष की स्थिति

323. **श्री राम जेठमलानी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वित्तीय वर्ष के अंत में भारत के विदेशी व्यापार से संबंधित प्राप्तियों और भुगतानों में काफी अंतर था ;

(ख) यदि हां, तो मार्च, 1989 के अंत में कितना अंतर था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान आयातों और साथ ही निर्यातों में भी वृद्धि हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1987-88 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष के दौरान आयात और निर्यात में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

वित्त मंत्रालय में व्यय विभाग में राज्य मंत्री (श्री बी०के० गढ़वी) : (क) और (ख) चूंकि पूर्ण भुगतान शेष आंकड़े केवल 1987-88 तक के संपूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में उपलब्ध हैं, इसलिए 1988-89 में भारत के विदेशी व्यापार से संबंधित प्राप्तियों और भुगतानों का विश्लेषण करना संभव नहीं है ।

(ग) और (घ) डी० जी० सी० आई० एस० द्वारा जारी किए गए निर्यात और आयात संबंधी अनन्तिम आंकड़े निम्नानुसार हैं :—

(रुपए करोड़ों में)

	1987-88	1988-89	
	15741	20281	28. 8
	22399	27693	23 6

महिलाओं पर अत्याचार में वृद्धि

324. **श्री राम जेठमलानी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1986 से 1988 की अवधि के दौरान महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं, जैसे बलात्कार, छेड़खानी, अपहरण और दहेज के कारण जलाए जाने आदि में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कोई नए उपाय करने का विचार कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) वर्ष 1986, 1987 और 1988 के दौरान महिलाओं के विरुद्ध किये गये अपराध की घटनाओं का एक विवरण संलग्न है ।

(ख) और (ग) अपराधों के पंजीकरण, छानबीन, खोज और निवारण की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों की है । वे मामलों को दर्ज करने, उनकी छानबीन करने और उनको न्यायालयों में दायर करने की कार्यवाही करते हैं । इस श्रेणी के अपराधों को रोकने का कार्य भी उनके क्षेत्राधिकार में आता है ।

विवरण

1986, 1987 और 1988 के दौरान महिलाओं के विरुद्ध किए गए अपराधों की घटनायें

क्र० सं०	अपराध शीर्ष	1986	1987	1988
1.	बलात्कार . . .	7321	7755	8342
2.	छेड़खानी . . .	16,393	16,074	16,631
3.	महिलाओं और लड़कियों का अपहरण	8906	8858	9424
4.	दहेज के कारण मृत्युएं .	1319	1811	2152

1. आंकड़े मासिक अपराध आकड़ों पर आधारित हैं और इन्हें अस्थायी समझा जाए।

2. इसमें मध्य प्रदेश के संबंध में सितम्बर, 1988 तक, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह और दादरा तथा नागर हवेली दोनों के संबंध में नवम्बर, 1988 तक तथा लक्षद्वीप के संबंध में अक्टूबर, 1988 तक के आंकड़े शामिल हैं।

3. तिमाही विवरणियों के आधार पर बलात्कार के आकड़ों को छोड़कर जो कि 1987 के लिए 124 हैं, 1987 के हरियाणा के आकड़े मार्च, 1987 तक उपलब्ध हैं।

Training of Terrorists in Pakistan

325. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that Pakistan is still training terrorists in their country and also supplying arms and ammunition to them.

(b) if so, whether the Prime Minister of Pakistan had assured some time back that terrorists would not be allowed to operate in Punjab; and

(c) iif so, what further action Government propose to take to check the activities of terrorists in the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM) : (a) Yes, Sir.

(b) The Prime Minister of Pakistan had assured the Prime Minister of India during the SAARC Summit meeting that for harmonious bilateral relations, her Government was committed to the principle of non-interference in each other's internal affairs.

(c) At the recent Home Secretary level talks betweeen the two countries held at Islamabad in May 1989, to contain terrorism & illegal border crossings, it was agreed to undertake simultaneous coordinated patrolling along the Indo-Pak border and the Federal investigation Agency of Pakistan and CBI in India should take appropriate action in tracing out and arranging to hand over to the Other countries wanted absconding